www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-206 | सागवाड़ा, रविवार,3 अप्रेल, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे सरपंच पति की कार रूकवाई तो कांस्टेबल को मारा लट्ठ

### राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज

**डूंगरपुर।** जिले में गुजरात बॉर्डर के पास मेवाड़ा बस स्टैंड पर नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे वीरपुर सरपंच पति को रुकवाना रामसागडा थाना पुलिस एक पुलिसकर्मी को भारी पड़ गया। सरपंच पति ने धौंस दिखाते हुए कांस्टेबल को लट्ठ मार दिया। कांस्टेबल को रिपोर्ट पर सरपंच पति के खिलाफ राजकार्या में बाधा का केस दर्ज कर लिया है।

रामसागड़ा थाने के सहायक उप निरीक्षक प्रवीण सिंह राव ने बताया की कल देर शाम के समय रामसागडा थाना पुलिस की ओर से हिम्मतपुर बॉर्डर के पास नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। नाकाबंदी में तैनात कांस्टेबल अक्षयराज सिंह राजपूत को ड्यूटी से मेवाड़ा चौकी के लिए भेज दिया। सहायक उप निरीक्षक प्रवीण सिंह राव ने बताया की रामसागडा की और से एक सफेद रंग की कार मेवाड़ा की तरफ आने का पता लगा। इस पर कांस्टेबल अक्षयराज सिंह को मेवाड़ा में नाकाबंदी करवाई। उसके साथ चौकी का लांगरी महेंद्र भी साथ था। नाकाबंदी के दौरान एक एक सफेद रंग की कार को आते देख रुकने का इशारा किया तो कार चालक बेरिकेटिंग तोड़कर भागने लगा। इस पर कांस्टेबल अक्षयराज सिंह राजपूत ने आगे की तरफ दौड़कर कार को रूकवाया। कार रुकते ही वीरपुर सरपंच कोकिला का पति ईश्वर उर्फ इसला पुत्र मेघा खराड़ी उतरा। वही ईश्वर खराड़ी ने धौंस दिखाते हुए कांस्टेबल अक्षयराज सिंह की गिरेबान पकड़ ली और डराने धमकाने लगा। सरपंच पति ईश्वर खराड़ी ने लट्ठ लेकर उसे मारा, जिससे उसे चोंट भी आई। घटना के बाद सरपंच पति मौके से भाग गया। इधर कांस्टेबल लक्ष्यराज सिह ने रामसागडा थाने में सरपंच पति ईश्वर उर्फ ईसला के खिलाफ राजकार्या में बाधा और मारपीट का केस दर्ज करवाया है। पुलिस फरार आरोपी सरपंच पति की तलाश कर रही है।

## कोतवाली पुलिस तलाश में जुटी

## कार में आए बाबा ने आशीर्वाद देने के बहाने उड़ाई 2 तोला सोने की चैन

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कार में आए एक बाबा ने आशीर्वाद देने के बहाने एक व्यक्ति के गले से सोने की चैन पार कर ली और फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करवा दी है लेकिन बदमाशो का पता नहीं लग सका है। कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की कोतवाली थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 6 में आज रविवार सुबह दिन दहाड़े चैन स्नेचिंग की वारदात हुई है। उन्होंने बताया की हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र सेक्टर 6 के निवासी दिनेश पुत्र नानालाल कंसारा घर से कुछ दूर अटल सामुदायिक केंद्र के पास डेयरी पर दूध का ऑर्डर देने जा रहे थे। ऑर्डर देकर वापस घर जाते समय एक कार में आए बाबा ने शिव मंदिर का पता पूछा।

दिनेश कंसारा ने हाउसिंग बोर्ड शिव मंदिर की तरफ इशारा करते हुए बताया। इसके बाद बाबा ने पानी पिलाने का कहा तो दिनेश बाबा को अपने घर के पास ले गया। बाबा का आशीर्वाद लेने दिनेश की पत्नी और बेटी भी आ गए। दिनेश भी बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए झुका।

उसी समय चकमा देकर गले में पहनी 2 तोला सोने की चैन पार हो गई। इसके बाद बाबा कार में जाकर बैठ गए। बाबा के जाते ही दिनेश को गले में पहनी सोने की चैन नहीं दिखी तो वह पूरा माजरा समझ गया। कार को देखकर उसने चिल्लाया, लेकिन बाबा समेत कार का ड्राइवर बनकर आए बदमाश भाग गए।

घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। वही लोगो ने मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वही दिनेश से घटना की जानकारी ली। इधर दिनेश के बताए अनुसार बाबा और ड्राइवर के हुलिए के आधार पर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने नाकाबंदी कर बदमाशो की छानबीन शुरू कर दी, लेकिन उनका पता नहीं चल सका है। वही पुलिस शहर के सीसीटीवी पुलिस भी खंगाल रही है।

## अफवाहों पर ध्यान नहीं दे : शेखावत

**जयपुर।** जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि रैली पर हुई पत्थरबाजी व अन्य संबंधित घटना की विभिन्न माध्यमों से फैली हुई अफवाहों पर आमजन ध्यान देकर विचलित नही हो। समझदारी के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखे। जिला कलक्टर ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिये लगभग 1200 पुलिसकर्मी तैनात किये गये है। स्थिति पर नियंत्रण बनाये रखने के लिये 50 डीवाईएसपी व एडिशनल एसपी एवं 5 से अधिक आईपीएस रैंक के अधिकारी भी मुख्यालय पर आये हुए है। उन्होने बताया कि घटना की जांच के लिये एसआईटी गठित कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## चार जनों के खिलाफ जेब से सोने के जेवर चोरी होने का मामला दर्ज

### एमए रिसोर्ट होटल में बैठकर पी रहे थे शराब

**सागवाड़ा।** गलियाकोट मार्ग पर स्थित एमए रिजोर्ट में बैठकर शराब पीने के बाद चार जनों के खिलाफ जेब से सोने के जेवर चोरी होने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र सोलंकी के अनुसार कटारवाड़ा सागवाड़ा निवासी पंकज पुत्र जयंतीलाल जैन ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि वह करीब डेढ़ वर्ष से गोवाड़ी बस स्टैंड पर किराणे की दुकान कर रहा है। पंकज 27 मार्च की शाम करीब तीन बजे गोवाडी निवासी गोपाल पुत्र शिवराम पाटीदार, गामड़ा ब्राह्मणिया निवासी हितेश मेहता गलियाकोट मार्ग पर स्थित एमए रिसोर्ट होटल में गए जहां तीनों ने शराब का सेवन किया। शराब सेवन के दौरान पंकज की सोने की चैन टूट गई। जिस पर चैन, दो अंगूठी तथा हाथ का सोने का कड़ा चारों सोने के जेवर प्लास्टिक की थैली में रखकर दाहिने जेब में रख दिए। होटल मालिक उदैया निवासी महेश पुत्र मोहनलाल पाटीदार ने पंकज को होटल से घर ले जाने के लिए रवाना किया। पंकज स्कूटी से गोवाड़ी स्थित दुकान पर पहुंचा। शाम करीब सात बजे गोवाड़ी निवासी कल्पेश पुत्र भवानी शंकर सुथार शराब लेकर पंकज की दुकान पर पहुंचा तथा उसने पंकज को जबरदस्ती शराब पिलाई। ज्यादा शराब पी लेने से पंकज को होश नहीं रहा।

## मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में सुनी आम जन की समस्याएं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी दो दिवसीय बाड़मेर यात्रा के दौरान शनिवार सायं सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाएं सुनी। मुख्यमंत्री एक-एक व्यक्ति से मिले और बातचीत कर उनकी समस्या को सुनते हुए ज्ञापन लिए। मुख्यमंत्री गहलोत ने जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी, अल्पसंख्यक मामलात एवं जन अभाव अभियोग निराकरण मंत्री शाले मोहम्मद, श्रम कारखाना एवं बॉयलर्स राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व राजस्व मंत्री एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी, राजस्थान गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन, पुलिस महानिरीक्षक पी. रामजी, जिला कलक्टर लोक बंधु, पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव समेत विभागीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज सेवा समिति की बैठक हुई

**खड़गदा।** श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज सेवा समिति जिला डूंगरपुर की बैठक रविवार को कॉलेज रोड़ स्थित सामाजिक भवन में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बदामीलाल पंवार खड़गदा ने की। मुख्य अतिथि वासुदेव टेलर आरा थे। विशिष्ट अतिथि दिलीप दर्जी छींच थे। बैठक में विशेष रूप से समाज की तैरह चौखलों की जनगणना के प्रारूप को अंतिम रूप दिया गया। जनगणना प्रभारी के रूप में मिथुन दर्जी आरा व लोकेश दर्जी जसेला के नेतृत्व में युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही समिति के सचिव राजेश पंवार के निर्देशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं आगामी पीपा जयंती के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। साथ ही समिति के सदस्यता अभियान पर भी मंथन हुआ। जिसकी जिम्मेदारी उपाध्यक्ष जगदीश टेलर को दी गई।



समिति के कोषाध्यक्ष भरत पंवार ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सुधांशु पंवार ने अपने पंजीकृत संस्थान श्री पीपाजी महाराज सेवा संस्थान को पूर्ण रूपेण समाज को समर्पित कर दिया।

इस पर सर्व सम्मति से सेवा समिति की आगामी समस्त गतिविधियां उक्त पंजीकृत संस्था के अन्तर्गत आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जनगणना उपरांत तैरह चौखलो की एक वृहद स्मारिका के प्रकाशन का निर्णय लिया गया। जिसके संपादन का दायित्व मीडिया प्रभारी छत्रपाल शिवाजी को दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जगदीश टेलर, देवेन्द्र दर्जी, सुनील दर्जी, ललित सीमलवाड़ा, राहुल छींच आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मंगेश पंवार, जयकांत पंवार, विजेन्द्र सिलोही, प्रफुल्ल ओबरी मौजूद थे।

## सागवाड़ा में जिनवाणी पाठशाला जय दू भारदी का हुआ शुभारंभ




**सागवाड़ा।** आचार्य सुनील सागर महाराज की प्रेरणा एवं आशीष से दीक्षा के रजत संयम वर्ष के अंतर्गत सागवाड़ा के जैन बोर्डिंग में चैत्र प्रतिपदा नववर्ष पर जिनवाणी पाठशाला जय दू भारदी का आदिसागर अंकलीकर अंतरराष्ट्रीय महिला जागृति मंच के संयोजन में दशा हुमड दिगंबर जैन समाज द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठजनो ने सेठ महेश नोगमिया के मुख्य अतिथ्य मे राजमल जैन, चंद्रशेखर संघवी ,पवन कुमार गोवाडिया कीर्ति कुमार शाह,विजय कुमार जैन,कुलदीप गांधी ,नटवर लाल गलालिया,महेन्द्र कोठारी ,डॉ कैलाश जैन गजेन्द्र गोवाडिया आदि पंच महानुभवो ने दीप प्रवज्जित किया तथा जिनवाणी स्तुति पूजा पगारिया द्वारा प्रस्तुत की गई।प्रारम्भ मे सभी अतिथियों का स्वागत आदिसागर अंकलीकर अंतरराष्ट्रीय महिला जागृति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेरणा शाह एवं नगर अध्यक्ष काजल गोवाडिया द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेरणा शाह ने बताया कि वागड़ संभाग में 40 गाँवों में जिनवाणी पाठशाला को प्रारंभ किया है जहां जैन धर्म की शिक्षा देकर बच्चों में संस्कारवान जीवन का निरूपण किया जाना मुख्य उद्देश है।उन्होंने बताया कि लौकिक शिक्षा के साथ साथ धार्मिक शिक्षा का अपना महत्व है।कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पवन कुमार गोवाडिया ने कहा है कि बच्चों में संस्कार और सफल जीवन के लिए धार्मिक शिक्षा का होना बहुत ज़रूरी है।उन्होंने कहा कि जिनवाणी पाठशाला इस उद्देश की निश्चित रूप से पूर्ति करती है ।उन्होंने समाज से पूर्ण सहयोग का आह्वान कर अपनी मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए कई सुझाव प्रस्तुत किए।शिक्षक एवं समाजसेवी शरद बोबडा ने जिनवाणी पाठशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और प्रशन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक जीवन की परिपूर्णता के लिए धार्मिक शिक्षा को अंगीकार करना बहुत जरूरी है और इसके लिए समाज मे शिक्षकों को आगे आना होगा उन्होंने समाज से आग्रह किया कि शिक्षकों को इस दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया जाए।समाज के वरिष्ठजन चंद्रशेखर संघवी ने संबोधित करते हुए कहा कि दिवंगत सेठ साहब दिलीप कुमार नोगमिया की मंशा भी यही थी और जिनवाणी पाठशाला का नियमित संचालन हो । उन्होंने कहा कि यह उनका एक बहुत बड़ा सपना था जिसे पूरा करना हम सब का कर्तव्य है।कार्यक्रम के दौरान जिनवाणी पाठशाला के शुभारम्भ पर सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ नवीन पुस्तक का विमोचन किया तथा उपस्थित बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन मुनि सेवा संघ के अध्यक्ष अश्विनी बोबडा ने किया तथा महिला महासभा की नगर अध्यक्ष वनिता शाह तथा गुरूभक्त प्रदीप जोशी ने आभार जताया।

## एम एम बी ग्रुप ने 50 जरूरमन्द परिवारों को दी 1 माह का निःशुल्क राशन सामग्री

**डूंगरपुर।** रमजान शरीफ के पहले रोजे के दिन एक बार फिर मददगार एम एम बी ग्रुप डूंगरपुर कि और से ग्रुप के आफिस ऐ के मोटर गैराज पर सभी समुदाय के 50 जरूरतमंद परिवारों एक माह का निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम राज्य मंत्री शंकर जी यादव, डूंगरपुर नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ, हाजी अब्दुल सलाम मुल्तानी, हाजी अब्दुल गफ्फार मुल्तानी व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के सानिध्य मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथीयो का इस्तकबाल कर ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने ग्रुप के जनहित के कार्यो कि जानकारी देते हुए बताया कि ग्रुप सन 2007 से लगातार पीड़ित मानवता की खिदमत मे लगा हुआ है और ये सभी काम ग्रुप भामाशाहो के सहयोग से कर रहा है अभी तक ग्रुप 14850 परिवारो को राशन सामग्री कीट उपलब्ध करवा चुका है,इसके अलावा भी ग्रुप समय समय पर रक्तदान शिविर, पौधरोपण, स्कूल कॉलेज मे प्याऊ, पक्षीयो के लिए परिंडे आदि जनसेवा के कार्य सम्पादित करता आ रहा है,राज्य मंत्री शंकर यादव ने कहा कि मस्तान बाबा अल्लाह के वो वली है जिनके दर पर सच्चे दिल से मांगी गई मुराद हमेशा पूरी होती है और एम एम बी ग्रुप डूंगरपुर ने मस्तान बाबा से प्रेरणा लेकर इस अभियान को शुरु किया और आज ये पूरे संभाग मे एक मिसाल है।

सभापति अमृत कलासुआ ने बताया कि ग्रुप कौमी एकता कि मिसाल कायम कर रहा है सभी जाति धर्मो के जरूरतमंद परिवारो को राशन कीट उपलब्ध करवा रहा है जो काफी सराहनीय कदम है ,ग्रुप कि और से भामाशाह हारून, हाजी अब्दुल गफ्फार मुलतानी, एहमद मुलतानी, वहीद मुल्तानी, वैभव पटवा,आसीफ मुल्तानी, बिलाल, सजय शर्मा, रविन्द्र जैन का आभार व्यक्त किया गया, इस अवसर अब्दुल हाफिज मकरानी, सैठिया, सोनू टेलर, मनोज जैन, आसीफ मुल्तानी,जयंती लाल जैन, साबीर मकरानी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मे ग्रुप सदर के नवासे अब्दुल हाफिज द्वारा पहला रोजा रखने पर सभी अतिथियो ने मुबारकबाद पेश की।

## खेतों में सिंचाई करने गई नाबालिग को चाकू दिखाकर किया अपहरण, कमरे में बंद कर किया दुष्कर्म, आरोपी समेत उसके माता - पिता पर मामला दर्ज



**आसपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र में खेतों में काम पर गई एक नाबालिग को चाकू दिखाकर अपहरण करने और घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म का केस सामने आया हैं। दुष्कर्म की घटना में आरोपी के माता -पिता समेत 4 आरोपियों ने सहयोग किया। दोवड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोवड़ा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की नाबालिग पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में पीडिता ने बताया की 31 मार्च को वह अपने खेतों में सिंचाई के काम के लिए गई थी। उसी समय देवकी निवासी दीपक पुत्र भैरा भगोरा उसके खेतो में आया। इस दौरान दीपक ने उसे चाकू दिखाकर डराया धमकाया। वही इसके बाद दीपक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर पाड़ला थूर अपनी मौसी के घर ले गया था। दीपक ने अपनी मौसी के घर पर उसे एक कमरे में बंद कर दिया। वही आरोपी का उसके पिता भैरा भगोरा, मां हाजू भगोरा और जयंतीलाल पुत्र सोमा भगोरा ने साथ दिया। मौसी के घर पर आरोपी दीपक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

साथ ही घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकियां दी। वही इसका पता नाबालिग पीड़िता के परिवार के लोगो को लगा तो वे लोग मौके पर आए और आरोपियों के कब्जे से उसे छुड़ाकर घर ले आये। इसके बाद नाबालिग ने अपने माता पिता को पूरी घटना के बारे में बताया। जिस पर पीडिता अपने पिता के साथ दोवडा थाने पहुंची जहा पर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट दीपक भगोरा, उसके पिता भैरा भगोरा, मां हाजु भगोरा और जयंतीलाल भगोरा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसटीएससी सेल के डीएसपी मनोज सामरिया की ओर से की जा रही है। डीएसपी ने बताया की घटना स्थल की तस्दीक करने के साथ नाबालिग के बयान दर्ज किए जाएंगे। वही नाबालिग की मेडिकल जांच भी करवाई जायेगी।

## वन विभाग ने पकड़ा गीली लकडियो से भरा ट्रक, चालक को किया गिरफ्तार, गुजरात तस्करी हो रही थी लकडिया

### सरोदा में नाकेबंदी के दौरान गीली लकडियों से भरे ट्रक जब्त




**सागवाड़ा।** वन रेंज सागवाडा की टीम ने अल सुबह सरोदा में नाकेबंदी के दौरान गीली लकडियो से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। वही टीम ने वन अधिकारी अधिनियम में चालक को गिरफ्तार किया है। ट्रक चालक ने पूछताछ में नीम की गीली लकडियो को साबला क्षेत्र के विजवामाता से ट्रक में भरकर गुजरात तस्करी करना बताया है।

सागवाडा क्षेत्रीय वन अधिकारी सोमेश्वर त्रिवेदी ने बताया की जिले में हरे पेड़ो की अवैध कटाई कर गीली लकडियों की गुजरात तस्करी की शिकायते वन विभाग को मिल रही थी। इन्ही शिकायतों के चलते डूंगरपुर डीएफओ सुपोंग शशि की ओर से गीली लकडियो की तस्करी के खिलाफ एक अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अल सुबह सागवाडा क्षेत्रीय वन अधिकारी सोमेश्वर त्रिवेदी को मुखबिर के जरिये सुचना मिली की साबला क्षेत्र से एक ट्रक गीली लकडियो को लेकर गुजरात जा रहा है। मुखबिर से मिली सुचना पर क्षेत्रीय वन अधिकारी सोमेश्वर त्रिवेदी, वन रक्षक संसेश पाटीदार, जयेश पाटीदार, राकेश पाटीदार की टीम सरोदा पहुंची और नाकेबंदी शुरू की।

इस दौरान साबला की तरफ से एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया जिस पर पुलिस वन विभाग की टीम ने ट्रक को रुकने का इशारा किया। जिस पर ट्रक चालक ने ट्रक रोका और वन विभाग की टीम ने तिरपाल हटाकर देखा तो उसमे नीम की गीली लकडिया भरी हुई थी। जिस पर वन विभाग की टीम ने ट्रक चालक से लकडियो के परिवहन सम्बन्धी दस्तावेज मांगे तो चालक के पास किसी भी तरह के परिवहन सम्बन्धी दस्तावेज नहीं थे। वन विभाग की टीम ने ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया और सागवाडा कार्यालय लेकर पहुंचे। जहा पर क्षेत्रीय वन अधिकारी सोमेश्वर त्रिवेदी ने वनाधिकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार किया। इधर वन विभाग की पूछताछ में ट्रक चालक ने गीली लकडिया साबला क्षेत्र के विजवामाता से भरकर गुजरात तस्करी करना बताया है।